# क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना

लाड़ली लक्ष्मी पथ, जगनपुर चक, गुना (म.प्र.) 473249
Email- registrar24kttu@gmail.com

क्रमांक– 856 / प्रशासन शाखा / 2025 गुना, दिनांक–22 / 09 / 2025

प्रति,

श्री अभिषेक सक्सेना,
शाखा प्रबंधक,
मुख्य शाखा स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, गुना (म.प्र.)

विषय :– विश्वविद्यालय को उपलब्ध करायी गई यू.पी.आई. सुविधा तत्काल बंद करने बावत्।

उपरोक्त विष्यांतर्गत लेख है कि आपके क्षेत्रीय कार्यालय से श्रीमति रितू वर्मा द्वारा विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर माननीय कुलगुरू महोदय, के मौखिक निर्देश पर विश्वविद्यालय को यू.पी.आई. पेमेन्ट की सुविधा उपलब्ध कराकर क्यू.आर.कोड एवं यू.पी.आई. स्केनर विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराया था किन्तु इस सुविधा का दुरूपयोग सामने आया है और इस क्यू.आर.कोड के माध्यम से अनेक व्यक्ति पैसा विश्वविद्यालय में ऐसे सुविधाओं के लिए जमा कर रहे है जो अभी विश्वविद्यालय द्वारा प्रारंभ नहीं की गई एवं इसका हिसाब किताब रखना भी अभी व्यवहारिक रूप से सम्भव नहीं हो पा रहा है।

अतः आपसे अनुरोध है कि विश्वविद्यालय अभी शैशव अवस्था में है और विश्वविद्यालय शुल्क का एम.पी.ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से विधिवत् कार्य चल रहा है। ऐसे में सामानान्तर यू.पी.आई. की सुविधा की कोई आवश्यकता भी नहीं है।

अतः आपसे अनुरोध है कि इस सुविधा को उसके दुरूपयोग को देखते हुए तत्काल बंद करने का कष्ट करें।

कुलसचिव
क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय,
गुना (म.प्र.)

Registrar
Krantiveer Tatya Tope University
Guna (M.P.)

पृ.क्रमांक– 857 / प्रशासन शाखा / 2025 गुना, दिनांक–22 / 09 / 2025

प्रतिलिपि :–

1. निज सहायक के माध्यम से माननीय कुलगुरू महोदय की ओर सादर सूचनार्थ।
3. प्रशासन शाखा वास्ते रिकार्ड।

कुलसचिव
क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय,
गुना (म.प्र.)

Registrar
Krantiveer Tatya Tope University
Guna (M.P.)

# क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना

लाड़ली लक्ष्मी पथ, जगनपुर चक, गुना (म.प्र.) 473249

Email- registrar24kttu@gmail.com


क्रमांक– 858 / प्रशासन शाखा / 2025 गुना, दिनांक–22 / 09 / 2025

## / / अधिसूचना / /

सर्वसंबंधितों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस विश्वविद्यालय द्वारा यू.पी.आई. की सुविधा विद्यार्थी हित में प्रयोग के तौर पर आरंभ की गई थी। किन्तु इसका दुरूपयोग सामने आया है । अतः इस सुविधा को तत्काल बंद करने हेतु बैंक को भी निवेदन किया जा रहा है। सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की इस सुविधा का सीधे उपयोग न करते हुऐ पहले विश्वविद्यालय कार्यालय से शुल्क मांग पत्र जारी करवाये इसके आधार पर ही यू.पी.आई. अथवा एम.पी.ऑन लाईन पोर्टल के माध्यम से शुल्क जमा करे।

यदि निर्धारित प्रक्रिया का पालन न करते हुए कोई भी व्यक्ति कोई राशि सीधे जमा करता है एवं इसके कारण आर्थिक हानि उठाता है तो वो स्वयं जबाव देह होगा क्योंकि नियम अनुसार एक बार जमा राशि साधारणतया वापिस नहीं की जाती है।

कुलसचिव

Registrar

क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय,

गुना (म.प्र.)

पृ.क्रमांक– 859 / प्रशासन शाखा / 2025 गुना, दिनांक–22 / 09 / 2025

प्रतिलिपि :–

1. निज सहायक के माध्यम से माननीय कुलगुरू महोदय की ओर सादर सूचनार्थ।
2. प्रशासन शाखा वास्ते रिकार्ड।
3. सूचना पटल।

कुलसचिव

Registrar

Krantiveer Tatya Tope University

क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय,

गुना (म.प्र.)

# क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना

लाड़ली लक्ष्मी पथ, जगनपुर चक, गुना (म.प्र.) 473249
Email- registrar24kttu@gmail.com

क्रमांक– 860 / प्रशासन शाखा / 2025 गुना, दिनांक–22 / 09 / 2025

## / / अधिसूचना / /

सर्वसंबंधितों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस विश्वविद्यालय द्वारा पी.एच.डी. प्रवेश को लेकर कोई अधिसूचना जारी नहीं की गई है जब भी कोई अधिसूचना जारी की जायेगी तो विश्वविद्यालय के अधिकृत पोर्टल पर ही प्रदर्शित की जायेगी। अतः किसी अनाधिकृत सूचना /अधिसूचना के आधार पर यदि कोई अभ्यर्थी आर्थिक हानि उठाता है तो इसके लिए स्वयं उत्तरदायी होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन इसके लिए जबाव देह नहीं होगा।

कुलसचिव
Registrar
क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय,
Krantiveer Tatya Tope University
गुना (म.प्र.)

पृ.क्रमांक– 861 / प्रशासन शाखा / 2025 गुना, दिनांक–22 / 09 / 2025

प्रतिलिपि :–

1. निज सहायक के माध्यम से माननीय कुलगुरू महोदय की ओर सादर सूचनार्थ।
3. प्रशासन शाखा वास्ते रिकार्ड।

कुलसचिव
क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय,
Registrar
Krantiveer Tatya Tope University
गुना (म.प्र.)